हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 16 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 40.2°c
न्यूनतम 28.2°c

**नगर में आज**
- लघुसचिवालय में सुबह 10 बजे समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- नगर निगम आयुक्त की बैठक सुबह 11 बजे
- रोडवेज डिपो में कर्मियों की बैठक सुबह 11 बजे
- बिजली निगम कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक का आयोजन सुबह 10 बजे

**खबर संक्षेप**



### आजादगढ़ में युवक ने फंदा लगा दी जान
हरिभूमि न्यूज. रोहतक
आजादगढ़ में एक युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम जितेंद्र है। उसने किस कारण की वजह से यह कदम उठाया, इसका पता नहीं चल पाया है। एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी मौके पर आकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

### जेवर और नकदी लेकर युवती गायब, केस दर्ज
**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने कबीर कॉलोनी निवासी एक परिवार की शिकायत पर उसकी 20 वर्षीय बेटी के गायब होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह 10:00 बजे उसकी बेटी सौरभ नामक युवक के साथ चली गई और घर से सोने की नाथ, नाक की बाली, चांदी की पाजेब, पैरों की चुटकी, चांदी के जेवर व नगदी लेकर गई है। वहीं शहर पुलिस ने विकास निवासी कुआं मोहल्ला की शिकायत पर उसकी उसकी पत्नी के गायब होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है जो 13 जुलाई को बिना बताए घर से चली गई।

### युवक पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज
**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने जगबीर पुत्र महेंद्र निवासी गांव बहु अकबरपुर की शिकायत पर गांव के राज्यपाल , ऋषि सहित अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने के अलावा अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपी हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### महिला से छेड़छाड़ व मारपीट, केस दर्ज
**रोहतक।** सालारा मोहल्ला में रहने वाली महिला के साथ पड़ोस के अखिल सहित अन्य व्यक्ति ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि अखिल ने उसके साथ कथित रूप से छेड़खानी भी की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# मकड़ौली व चांदी प्लाजा पर बढ़ा टोल टैक्स

## वाहन चालकों को अब 5 से 30 रुपये ज्यादा देने होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मकड़ौली और चांदी टोल प्लाजा पर टोल शुल्क में बढ़ोतरी कर दी गई है। संशोधित दरें लागू होने के बाद अब कार, जीप, वैन, हल्के व भारी व्यावसायिक वाहनों सहित सभी श्रेणियों के वाहन चालकों को पहले की तुलना में 5 से 30 रुपये अधिक टोल देना होगा।

नई दरों में एकल यात्रा, एक दिन में दो तरफ की यात्रा, मासिक पास तथा जिले में पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों के शुल्क में भी संशोधन किया गया है।

### सुविधा भी मिलनी चाहिए
नई दरों के अनुसार मकड़ौली टोल प्लाजा पर कार, जीप और वैन के लिए एकल यात्रा का शुल्क 90 रुपये तथा चांदी टोल प्लाजा पर भी 90 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बस, ट्रक, मल्टी एक्सल और ओवरसाइज वाहनों की दरों में भी वृद्धि की गई है। मासिक पास के शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है, जिससे नियमित रूप से आवागमन करने वाले वाहन चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। टोल शुल्क में वृद्धि का सीधा असर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों, परिवहन कारोबारियों और व्यावसायिक वाहनों पर पड़ेगा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टोल दरें बढ़ाई जाती हैं तो सड़क पर बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और रखरखाव भी उसी अनुपात में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



### टोल दरें समय-समय पर होती हैं संशोधित
संशोधित टोल दरें सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि से लागू कर दी गई हैं। नई दरें सभी श्रेणी के वाहनों पर लागू होंगी। यात्रियों की सुविधा और राजमार्ग के रखरखाव एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टोल शुल्क समय-समय पर संशोधित किया जाता है
**-अनिल मोर**, मैनेजर, मकड़ौली टोल

### जानिए... दोनों टोल प्लाजा पर वाहन की श्रेणी के हिसाब से टैक्स की पुरानी और नई दरें

**मकड़ौली टोल प्लाजा (पुराने व नए टोल रेट)**

| वाहन श्रेणी | सिंगल (O) | सिंगल (N) | दो तरफ (O) | दो तरफ (N) | मासिक (O) | मासिक(N) | लोकल (CO) | लोकल(CN) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन/एलएमवी | 85 | 90 | 125 | 135 | 2,845 | 2,990 | 40 | 45 |
| एलसीवी/एलजीवी/मिनी बस | 140 | 145 | 210 | 215 | 4,695 | 4,830 | 65 | 70 |
| बस/ट्रक (2 एक्सल) | 295 | 305 | 445 | 455 | 10,010 | 10,115 | 145 | 150 |
| तीन एक्सल वाहन | 320 | 330 | 480 | 495 | 10,880 | 11,035 | 160 | 165 |
| 4 से 6 एक्सल वाहन | 460 | 475 | 690 | 715 | 15,525 | 15,865 | 230 | 240 |
| 7 या अधिक एक्सल वाहन | 560 | 580 | 840 | 870 | 18,915 | 19,315 | 280 | 290 |

**चांदी टोल प्लाजा (पुराने व नए टोल रेट)**

| वाहन श्रेणी | सिंगल (O) | सिंगल (N) | दो तरफ (O) | दो तरफ (N) | मासिक (O) | मासिक (N) | लोकल(CO) | लोकल(CN) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन/एलएमवी | 85 | 90 | 125 | 130 | 2,780 | 2,920 | 40 | 45 |
| एलसीवी/एलजीवी/मिनी बस | 135 | 140 | 200 | 210 | 4,495 | 4,715 | 65 | 70 |
| बस/ट्रक (2 एक्सल) | 285 | 295 | 430 | 445 | 9,425 | 9,885 | 145 | 150 |
| तीन एक्सल वाहन | 315 | 325 | 470 | 485 | 10,280 | 10,780 | 155 | 160 |
| 4 से 6 एक्सल वाहन | 450 | 465 | 675 | 695 | 14,780 | 15,500 | 225 | 230 |
| 7 या अधिक एक्सल वाहन | 545 | 565 | 820 | 850 | 18,010 | 18,870 | 275 | 285 |

## लटकते तारों के कारण बारिश में करंट और शॉर्ट सर्किट की आंशका बढ़ी

# झूलती मौत

## ट्रक हेल्पर की मौत के बाद भी नहीं चेता निगम, शहर के कई क्षेत्रों में हादसों का खतरा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नीचे लटक रहे बिजली के तार किसी बड़े हादसे का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में एक ट्रक पर तिरपाल डालते समय बिजली के तारों की चपेट में आने से ट्रक हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद भी कई स्थानों पर बिजली के तार अब भी जमीन के बेहद करीब झूल रहे हैं। प्रताप चौक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में लटकते बिजली के तार लोगों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते इन्हें ऊंचा नहीं किया गया या बदला नहीं गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शहर के इन इलाकों से प्रतिदिन हजारों वाहन और पैदल राहगीर गुजरते हैं। ट्रक, बसें, ट्रैक्टर और अन्य ऊंचे वाहन भी इसी मार्ग से निकलते हैं। ऐसे में नीचे झूल रहे बिजली के तार न केवल वाहन चालकों बल्कि राहगीरों के लिए भी चिंता का विषय बने हुए हैं।

सिटी पल्स



### कई बार अवगत कराया, नहीं हुआ स्थायी समाधान
लोगों का कहना है कि कई बार भारी वाहन गुजरते समय तार बेहद नीचे दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मानसून के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। तेज हवा और बारिश के दौरान बिजली के तारों के टूटने, स्पार्किंग होने या शॉर्ट सर्किट की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति या वाहन इसकी चपेट में आ जाए तो गंभीर हादसा हो सकता है। नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका कहना है कि हादसा होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से ही जोखिम वाले स्थानों की पहचान कर बिजली के तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर किया जाना चाहिए।

### तेज हवा में टूट सकते हैं तार
मानसून और आंधी के दौरान नीचे झूल रहे तारों के टूटने का खतरा अधिक रहता है। इससे सड़क पर चल रहे वाहन और लोग सीधे इसकी चपेट में आ सकते हैं।

### बिजली आपूर्ति हो सकती है बाधित
यदि लटकते तार टूट जाते हैं तो पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इससे लोगों को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है।

### बेसहारा पशु और बच्चे छू सकते हैं
बेसहारा पशु या पालतू जानवर भी बिजली के तारों की चपेट में आ सकते हैं। वहीं बच्चे खेलते समय लटकते तारों को छूने की कोशिश कर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

### करंट लगने का रहता है अंदेशा


नीचे लटकते बिजली के तारों के संपर्क में आने से राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को करंट लगने का खतरा बना रहता है। बच्चे खेलते समय अनजाने में इनके करीब पहुंच सकते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है। **-तेजभान**

### बरसात में बढ़ जाता है जोखिम


बरसात के दौरान बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट या तार टूटने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में जान-माल का नुकसान होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। **-दिनेश चावला**

**राजीव नगर हत्याकांड में खुलासा**

## जेवर लूटने के लिए दंपति ने की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने राजीव नगर निवासी संध्या की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए वारदात में शामिल पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी रामू को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि उसकी पत्नी आरती को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 1 जून 2026 को देवराज की शिकायत पर थाना शिवाजी कॉलोनी में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। जांच में पता चला कि देवराज की बेटी संध्या अपने पति दीपक से अलग होकर मायके में रह रही थी, जबकि उसके दोनों बच्चे पति के पास रहते थे। 22 मई 2026 को संध्या घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी।

जांच के दौरान 5 जून 2026 को संध्या का शव झज्जर जिले के मांडौठी गांव के खेतों में बोरी में बंद मिला। शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम कराया गया और मामले में हत्या सहित अन्य धाराएं जोड़कर जांच शुरू की गई।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### यूं बिगड़ी नीयत
पुलिस जांच में सामने आया कि संध्या 1 जून को सहारा लेने के लिए आरोपी रामू के घर पहुंची थी। आरोप है कि संध्या के पहने हुए आभूषण हड़पने की नीयत से 2 जून को रामू और उसकी पत्नी आरती ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद दोनों ने शव को बोरी में भरकर मांडौठी गांव के खेतों में फेंक दिया और फरार हो गए। 14 जुलाई 2026 को पुलिस ने आरोपी रामू (निवासी राजपुरा, जिला संभल, उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार बिहारी कॉलोनी, बहादुरगढ़) को गिरफ्तार किया। 15 जुलाई को उसकी पत्नी आरती को भी बहादुरगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले की आगे की जांच जारी है और रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## सांघी में पड़ोसी के प्लॉट में चारपाई पर मिला 39 वर्षीय व्यक्ति का शव, परिजन बोले- हुई है हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के सांघी गांव में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 39 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पड़ोसी के प्लॉट (घेर) में चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक की पहचान संदीप पुत्र रामधन निवासी सांघी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया, जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, संदीप पड़ोसी सोनू के घेर में चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। सुबह जब परिजनों ने उसे देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### पड़ोस में रहने वाले युवक ने लाकर दी थी दवा
परिजनों के अनुसार, मंगलवार रात संदीप का रक्तचाप (बीपी) अचानक बढ़ गया था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने मेडिकल स्टोर से दवाई लाकर उसे दी। दवाई खाने के बाद संदीप चारपाई पर जाकर लेट गया, लेकिन सुबह जब उसे उठाने की कोशिश की गई तो वह मृत मिला। परिजनों का आरोप है कि उसे जो दवाई दी गई, उसी के सेवन से उसकी मौत हुई है। उन्होंने इस मामले में हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### शादीशुदा था संदीप
पारिवारिक जानकारी के अनुसार, संदीप की शादी हो चुकी थी और उसका एक बेटा भी है। हालांकि, पिछले करीब तीन वर्षों से उसकी पत्नी किसी पारिवारिक विवाद के चलते मायके में रह रही थी। बेटा अपने पिता संदीप के साथ ही रहता था। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छानबीन में जुटी पुलिस
सदर थाना के एसएचओ नीरज ने बताया कि सांघी गांव में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान सामने नहीं आए हैं और प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

**सुविधा** | बजरंग भवन के पास एलिवेटेड रेलवे लाइन के नीचे खुला सहायता केंद्र

# गांधी कैंप में अब 24 घंटे रहेगी पुलिस निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के दिल्ली रोड स्थित गांधी कैंप क्षेत्र में लगातार सामने आ रही कुछ घटनाओं और स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए जिला पुलिस ने बजरंग भवन के समीप एलिवेटेड रेलवे लाइन के नीचे पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र के माध्यम से पुलिस की राइडर टीम 24 घंटे गांधी कैंप बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन रोहतक के पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित तथा हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रोहतक डीएसपी राकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, पूर्व पार्षद राधेश्याम ढल, विक्की परुथि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन करते एसपी गौरव राजपुरोहित व हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

### लंबे समय से थी मांग
पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि गांधी कैंप क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों की यह लंबे समय से मांग थी, जिसे पूरा कर दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाता रहेगा।

### अपराध को रोकने के लिए काम करेगा केंद्रः एसपी
पुलिस अधीक्षक गौरव ने कहा कि रोहतक पुलिस आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस सहायता केंद्र का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना, क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बनाए रखना तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोगों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है और यह सहायता केंद्र जनता की सेवा के लिए स्थापित किया गया है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस सहायता केंद्र का उद्देश्य केवल जनता की सुरक्षा और सहायता करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस आम नागरिकों की सेवा के लिए है और यह केंद्र लोगों की मदद, अपराधों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य करेगा, न कि अनावश्यक रूप से चालान काटने के लिए होगा।

### बस चालान काटने का केंद्र न बने
इस अवसर पर भाजपा के पूर्व पार्षद राधेश्याम ढल ने रोहतक पुलिस अधीक्षक और पूर्व मंत्री ग्रोवर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को शीघ्र पूरा करने के लिए दोनों का धन्यवाद। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि इस पुलिस सहायता केंद्र का उपयोग केवल लोगों की सुरक्षा और सहायता के लिए किया जाए, यह आने-जाने वाले वाहन चालकों के चालान काटने का केंद्र न बने।

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त
हर 3 में से 2 कैंसर मरीजों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता होती है।
रेडियोथेरेपी क्यों?
• शुरुआती स्टेज के कई कैंसर रेडियोथेरेपी द्वारा जड़ से ठीक हो जाते हैं
• सर्जरी के बाद रेडियोथेरेपी कैंसर के वापस आने की रिस्क कम करती है
• कैंसर के दर्द और ब्लीडिंग में रेडियोथेरेपी से अच्छा फायदा होता है
दूसरी राय के लिए एंड्रोमेडा आएं। इससे जान बच सकती है।
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल क्यों?
• आपके घर के नज़दीक • कम यात्रा
• विश्वस्तरीय कैंसर उपचार • कम खर्च
अत्याधुनिक तकनीकः Varian TrueBeam
सब-मिलीमीटर सटीकता | रैपिडआर्क® उपचार (2 मिनट से भी कम समय में) | IMRT | IGRT | SBRT
आधुनिक तकनीक द्वारा रेडियोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स बहुत कम हो जाते हैं
विश्वस्तरीय रेडियोथेरेपी + विश्वस्तरीय मशीन + दिल्ली की तुलना में लगभग आधी दरों पर*
*दूसरी वर्षगांठ पर विशेष ऑफर
पैनल: ESIC, हरियाणा सरकार, CGHS, (CRPF, CAPF, दिल्ली पुलिस, SSG आदि)
9138111625
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत



**खबर संक्षेप**

## पत्रकार नवीन मलिक को मातृ शोक



**रोहतक।** सोनीपत स्टैंड निवासी पत्रकार नवीन मलिक की मां इंदिरा देवी का बुधवार सुबह करीब 7 बजे निधन हो गया। वह 72 वर्ष की थीं और लंबे समय से मधुमेह की बीमारी से पीड़ित थीं। उनके निधन से परिवार और परिचितों में शोक की लहर है। इंदिरा देवी का अंतिम संस्कार शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में किया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। शोक व्यक्त करने के लिए सामाजिक, राजनीतिक और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उनके आवास पहुंचकर सांत्वना दी।

# पीजीआई को मिलेगा नया संपर्क मार्ग, 16 करोड़ से होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय एवं पीजीआईएमएस आने वाले मरीजों को जल्द ही एक बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। संस्थान को 30 फुट चौड़ा एक नया संपर्क मार्ग उपलब्ध कराने की योजना पर तेजी से काम शुरू होने वाला है। इस सड़क के निर्माण के लिए करीब 16 करोड़ रुपये विधायक भारत भूषण बत्रा ने मंजूर करवाए है। अधिकारियों के अनुसार परियोजना का प्रारंभिक सर्वे पूरा हो चुका है और अब निर्माण से जुड़ी अन्य प्रशासनिक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी।

### हजारों मरीजों के इलाज का प्रमुख केंद्र

पीजीआई प्रदेश ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों के हजारों मरीजों के इलाज का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज, तीमारदार, डॉक्टर, कर्मचारी और मेडिकल छात्र यहां पहुंचते हैं। इसके चलते अस्पताल के आसपास की सड़कों पर अक्सर ट्रैफिक का भारी दबाव बना रहता है। कई बार जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि गंभीर मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस भी समय पर ट्रॉमा सेंटर और आपातकालीन विभाग तक नहीं पहुंच पाती। इससे मरीजों के उपचार में देरी होने का खतरा बना रहता है। प्रस्तावित 30 फुट चौड़ा नया मार्ग तैयार होने के बाद पीजीआई तक पहुंचने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा। इससे मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम होगा और अस्पताल परिसर तक आने-जाने वाले लोगों को अधिक सुगम आवागमन मिल सकेगा। विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओं के लिए यह सड़क काफी महत्वपूर्ण साबित होगी, क्योंकि एंबुलेंस को जाम से राहत मिलेगी और गंभीर मरीजों को कम समय में ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचाया जा सकेगा।



### अब अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं पर होगा काम

इस परियोजना का सर्वेक्षण पहले ही पूरा किया जा चुका है। अब संबंधित विभाग भूमि, डिजाइन और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों का लक्ष्य है कि परियोजना को निर्धारित समय में पूरा कर लोगों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जाए। शहर के लोगों का मानना है कि पीजीआई तक बेहतर संपर्क मार्ग बनने से केवल मरीजों और उनके परिजनों को ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की यातायात व्यवस्था को भी राहत मिलेगी। अस्पताल की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा और जाम की समस्या में कमी आएगी।

## रोहतक फोटोग्राफर संघ व कैमरा कंपनी के तत्वावधान में फोटोग्राफी वर्कशॉप

**रोहतक।** रोहतक फोटोग्राफर संघ द्वारा सुप्रसिद्ध कैमरा कंपनी के सहयोग से विशेष फोटोग्राफी वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य फोटोग्राफरों को कैमरों की नवीनतम तकनीकों, आधुनिक फोटोग्राफी ट्रेंड्स तथा एडवांस सॉफ्टवेयर की जानकारी प्रदान करना था। वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञ सुखविंदर ने वेडिंग फोटोग्राफी, पोस्ट-प्रोडक्शन वर्कफ़्लो तथा एडिटिंग सॉफ्टवेयर के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने उपस्थित फोटोग्राफरों को प्रोफेशनल वेडिंग शूट को और बेहतर बनाने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव भी साझा किए। कैमरा कंपनी के टेक्निकल एवं मार्केटिंग एक्सपर्ट हसन ने कैमरों की नवीनतम तकनीकों, उनके उन्नत फीचर्स और व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मॉडल हैंडलिंग, फैशन फोटोग्राफी, लाइटिंग तकनीक तथा आधुनिक फोटोग्राफी के विभिन्न पहलुओं पर भी उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में रोहतक फोटोग्राफर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारियों में बिजेन्द्र रोहिला (प्रधान), पवन वाधवा (उप-प्रधान), विक्रम परमार (सेक्रेटरी) तथा संघ की कार्यकारिणी के अन्य सभी सम्मानित सदस्य शामिल रहे।

### 24 घंटे बिजली, पर्याप्त पानी, परिवहन, अस्पताल और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

# 12 हजार करोड़ के टर्नओवर वाले आईएमटी क्षेत्र में बिजली कट क्यों

औद्योगिक इकाइयों से हजारों लोगों को मिलता है रोजगार, एसोसिएशन और एचएसआईआईडीसी के विवाद में उलझे उद्योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब 150 से अधिक औद्योगिक इकाइयों और अनुमानित 8 से 12 हजार करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार वाले रोहतक के औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) में आधारभूत सुविधाओं को लेकर उद्योग और हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) आमने-सामने हैं। आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन ने बिजली, पानी, परिवहन, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की कमी को लेकर 14 प्रमुख मांगें उठाई हैं, जबकि एचएसआईआईडीसी का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप सुविधाएं दी जा रही हैं और जहां आवश्यकता होगी, वहां सुधार किया जाएगा।




### 150 से अधिक औद्योगिक इकाइयां संचालित

आईएमटी में 150 से अधिक बड़ी, मध्यम तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। यहां ऑटोमोबाइल कलपुर्जे, फास्टनर, खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक और उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली इकाइयां कार्यरत हैं। पूरे आईएमटी के वार्षिक कारोबार का कोई आधिकारिक सरकारी आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन औद्योगिक क्षमता और प्रमुख इकाइयों के कारोबार के आधार पर उद्योग जगत से जुड़े जानकार इसका वार्षिक कारोबार करीब 8 हजार करोड़ से 12 हजार करोड़ रुपये के बीच आंकते हैं। यह अनुमान है, कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं। आईएमटी की प्रमुख औद्योगिक इकाईयों में लोट्टे इंडिया कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, ऐसिन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, एडविक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पंच रत्न फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरवीजे ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, हैफेड मेगा फूड पार्क से जुड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, मारुति सुजुकी इकाई तथा टोयोटा-ऐसिन शामिल हैं।

### फेज-3 पानी की आपूर्ति नहीं होने से उद्योग प्रभावित

नांदल ने कहा कि फेज-3 में नियमित पानी की आपूर्ति नहीं होने से उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। पानी की सप्लाई का समय बढ़ाने के साथ कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल एवं औषधालय, पुलिस चौकी भवन, गोदाम, सार्वजनिक परिवहन, सामुदायिक केंद्र, स्कूल, बैंक, होटल, धर्मकांटा और अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, प्रत्येक सड़क पर भूखंड संख्या दर्शाने वाले साइन बोर्ड और खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत भी जरूरी है। एसोसिएशन की मांग है कि उद्योगों से वसूले जाने वाले वार्षिक रखरखाव शुल्क का उपयोग पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों पर किया जाए तथा विभिन्न विभागों द्वारा छोटी-छोटी औपचारिकताओं के नाम पर उद्योगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

### आधारभूत सुविधाएं उद्योगों के अनुरूप नहीं



आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र नांदल का कहना है कि आईएमटी प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन यहां की आधारभूत सुविधाएं उद्योगों की जरूरत के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी समस्या लगातार बिजली कटौती की है। फेज-3 में बार-बार बिजली बाधित होने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन ने फेज-3 के बिजली उपकेंद्र और फीडर के उन्नयन के साथ 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उच्च एवं निम्न दाब औद्योगिक कनेक्शनों पर फिक्स्ड चार्ज 165 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 290 रुपये प्रति किलोवाट किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। उनका कहना है कि करीब 80 प्रतिशत बढ़े इन शुल्कों से उद्योगों की उत्पादन लागत में भारी इजाफा हुआ है।

### 1.60 करोड़ लीटर पानी की क्षमता

दूसरी ओर, एचएसआईआईडीसी अधिकारियों का कहना है कि आईएमटी में पानी की उपलब्धता पर्याप्त है। अधिकारियों के अनुसार आईएमटी में चार जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता लगभग 1.60 करोड़ लीटर है। वर्तमान में अमूल को प्रतिदिन लगभग 20 लाख लीटर, कोका-कोला को 37 लाख लीटर तथा एशियन पेंट्स को करीब 13 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है। उनका कहना है कि यदि किसी क्षेत्र में वितरण संबंधी समस्या है तो उसका समाधान किया जाएगा। एचएसआईआईडीसी अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन क्षेत्र में नई सुविधाएं विकसित करना चाहती है तो वह परियोजना रिपोर्ट तैयार कर निगम को दे। नियमानुसार ऐसे विकास कार्य कराए जा सकते हैं, लेकिन उनका खर्च एसोसिएशन को वहन करना होगा, क्योंकि सरकार की वर्तमान व्यवस्था में यही प्रावधान है।




## द आर्यन पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह छात्र परिषद ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**रोहतक।** द आर्यन पब्लिक स्कूल, लाखन माजरा में आयोजित भव्य अलंकरण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित छात्र परिषद को उनके बैज और दायित्व सौंपे गए। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में छात्र प्रतिनिधियों ने स्कूल के मान-सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। समारोह में तेजस दलाल को हेड बॉय और शिवानी को हेड गर्ल के रूप में छात्र परिषद के नेतृत्व की कमान सौंपी गई। इनके साथ ही विभिन्न सदनों के हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को भी उनके पदभार सौंपे गए। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशका अनीता श्योराण एवं प्रबंधन सदस्य लता दहिया ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि अनुकरणीय आचरण और सेवा का उत्कृष्ट माध्यम है। समारोह में उप-प्रधानाचार्य श्वेता बेनीवाल, रमा, संजय, जगदीश एवं साहिल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## हरियाणा से फास्टनर्स की पहली शिपमेंट ब्रिटेन रवाना, एफटीए को मिली नई उड़ान

**रोहतक।** भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए ) के तहत हरियाणा से फास्टनर्स की पहली निर्यात शिपमेंट को यूपीएस के माध्यम से ब्रिटेन के लिए रवाना किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी ) की सहायक निदेशक हेमलता हेड़ाऊ, हीरा लाला, अनुभाग प्रमुख योगेंद्र मीणा और यूपीएस के निदेशक अमित जैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शिपमेंट को रवाना किया।अधिकारियों ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह समझौता भारतीय विनिर्माण और एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है, जिससे वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यूपीएस के निदेशक अमित जैन ने इसे देश के निर्यात के लिए नए युग की शुरुआत बताया। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, बलजीत सिंह, रविंदर और शिमला रानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एसआईआर प्रक्रिया स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी: बंतो

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को मंगलकमल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने विशेष रूप से उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया की समीक्षा की तथा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से इसकी प्रगति की जानकारी ली। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए बंतो कटारिया ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया स्वस्थ, पारदर्शी एवं सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पात्र नागरिक तक पहुंचकरउन्हें इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक लोगों को भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

## किलोई स्कूल में सीलिंग फैन एवं स्टेशनरी वितरण

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सिटी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किलोई में किलोई में सीलिंग फैन एवं स्टेशनरी वितरण किया गया। यह सेवा कार्य विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में क्लब की एक महत्वपूर्ण पहल रही। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विकास बिंदल, सचिव रोटेरियन सुमित गुप्ता, रोटेरियन अजय गुप्ता, सहायक गवर्नर रोटेरियन सुशील गुप्ता, रोटेरियन रितेश सिंहपुरिया तथा रोटेरियन संदीप गुप्ता सहित अनेक रोटेरियन्स ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई ।






## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल में जाना बंदियों का हाल

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने बुधवार को जिला कारागार, रोहतक का निरीक्षण कर बंदियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बंदियों के लंबित मुकदमों, विधिक सहायता की उपलब्धता और अन्य समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के बाद हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पौधारोपण अभियान के तहत जिला कारागार परिसर में पौधारोपण किया गया। अजय तेवतिया ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है।

# विचारधारा नहीं बदली, अंतिम सांस तक भाजपा का सिपाही बनकर रहूंगा : ग्रोवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने बुधवार को अपना जन्मदिन जनसेवा, सामाजिक सरोकार और संगठन के प्रति समर्पण के साथ मनाया। पूरे दिन चले करीब डेढ़ दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा कार्य किए, लोगों का आशीर्वाद लिया और कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा की। वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण मिढा, विधायक विनोद भ्याना, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित अनेक मंत्रियों और विधायकों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी (पूर्व में जनसंघ) की विचारधारा के साथ की थी और आज भी उसी विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। वहीं दिल्ली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शहरवासियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रोहतक नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मीकि, चैयरमेन अशोक चौधरी सहित अनेक पदाधिकारियों, पार्षदों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने शुभकामनाएं दी।



## एनएच-334बी पर खड़े ट्राले से टकराया बजरी से भरा हाइवा, आसन का चालक जिंदा जला

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-334बी पर गांव रोहणा के पास बुधवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में बजरी से भरे हाइवा (ट्राला) के चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुल पर सुबह से बिना किसी चेतावनी संकेत के खराब खड़े पत्थरों से लदे ट्राले से पीछे आ रहे हाइवा की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और पीछे वाले हाइवा का चालक केबिन में ही फंस गया। रोहतक के गांव आसन निवासी मंजीत ने खरखौदा थाना में शिकायत देकर बताया कि उसका भाई मंगल सैन (37) ट्राला चालक था। बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह बजरी लेकर सोनीपत की ओर जा रहा था। गांव रोहणा के पास पुल पर बिना किसी चेतावनी संकेत के एक ट्राला खराब हालत में खड़ा था। सामने अचानक वाहन आने से मंगल सैन का ट्राला उससे टकरा गया। टक्कर के बाद ट्राले में आग लग गई और मंगल सैन केबिन में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई।

# कौशल दिवस पर छात्राओं को दिया पौधरोपण का संदेश



**रोहतक।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर नव युवा फाउंडेशन द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में छात्राओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए बहुआयामी जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत करियर काउंसलिंग, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता, स्वास्थ्य, नेत्र और दंत जांच शिविर के साथ-साथ पौधारोपण एवं पौधे वितरण अभियान का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं की छात्राओं के लिए आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र रहा। भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली के छात्र सिद्धार्थ सहराय ने छात्राओं को वर्तमान और भविष्य के करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स की छात्राओं को उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उपलब्ध बहुविषयक स्नातक कार्यक्रमों से अवगत कराया। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल कौशल, संचार कौशल और बदलते रोजगार परिदृश्य में आवश्यक दक्षताओं पर भी विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्तियों और रोजगार संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया।

### गर्मी ने फिर पकड़ा जोर, पारा 40 डिग्री के पार

# अब 20 के बाद सक्रिय होगा मानसून

पश्चिमी हवाओं ने उमस से दिलाई राहत, दोपहर के समय बाजारों में कम देखने को मिली आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून की रफ्तार थमने से रोहतक में गर्मी ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक है। तेज धूप के कारण दिनभर झुलसाने वाली गर्मी का असर रहा। हालांकि पश्चिमी हवाएं चलने से उमस अपेक्षाकृत कम रही और लोगों को पसीने वाली गर्मी से कुछ राहत मिली। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में आवाजाही भी कम देखने को मिली।



**रोहतक।** धूप में स्कूटी पर सवार होकर जातीं महिलाएं।

### हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। वातावरण में नमी रहने के कारण प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। विभाग का कहना है कि 20 जुलाई के बाद मानसून ट्रफ के दक्षिण की ओर आने से हरियाणा में मानसून दोबारा सक्रिय हो सकता है। मानसून ट्रफ की उत्तरी सीमा जम्मू, देहरादून, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना, बांकुरा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है।

### मौसम शुष्क रहने से फसलों पर पड़ेगा असर

20 जुलाई तक मानसून कमजोर रहने और अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का सबसे अधिक असर खरीफ फसलों पर पड़ सकता है। धान की रोपाई वाले खेतों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने से रोपाई की गति प्रभावित हो सकती है, जबकि हाल ही में रोपी गई धान की फसल पर नमी की कमी का दबाव बढ़ेगा। कपास, बाजरा, मक्का और मूंग जैसी खरीफ फसलों की शुरुआती बढ़वार के लिए भी पर्याप्त मिट्टी की नमी जरूरी होती है। लगातार तेज धूप और तापमान अधिक रहने से मिट्टी की नमी तेजी से कम होगी, जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है, उन्हें सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसान खेतों की नमी बनाए रखने का प्रयास करें, जरूरत होने पर हल्की सिंचाई करें।



## हरियाली की ओर वार्ड-15 की पहल, पार्षद रविंद्र ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**सांपला।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल करते हुए सांपला नगरपालिका के वार्ड नंबर-15 के पार्षद रविंद्र ने बुधवार को अपने वार्ड में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में वार्डवासियों के सहयोग से 15 पौधे लगाए गए। पार्षद ने आगामी दिनों में वार्ड में 100 पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया। पौधरोपण के दौरान पार्षद रविंद्र ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटती हरियाली चिंता का विषय है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाने से उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि उनकी सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने वार्डवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक परिवार एक-एक पौधे की जिम्मेदारी ले ले तो क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का सपना आसानी से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत वार्ड में चरणबद्ध तरीके से 100 पौधे लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान। फोटो: हरिभूमि

### प्रभावी नेतृत्व एवं प्रबंधन कौशल सफलता की कुंजी

**रोहतक।** पं. नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित चार सप्ताहीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान रहे। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर्पण, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास ही एक सफल व्यक्ति और प्रभावी नेता के मूल आधार हैं। मंच संचालन डॉ. दीक्षा रांगा ने किया, जबकि विभागाध्यक्ष सुनीता बिरवाल की देखरेख में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मौके पर डॉ. शेली दलाल, डॉ. रवीना रोहिल्ला, डॉ. नीरज, डॉ. देवेंद्र व डॉ. दिलेवाल सहित विभाग के प्राध्यापक मौजूद रहे।

### आयकर पोर्टल की धीमी गति से करदाता परेशान

**रोहतक।** वित्त वर्ष 2025-26 (असेसमेंट ईयर 2026-27) के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल की धीमी गति और लगातार आ रही तकनीकी समस्याओं से करदाता एवं कर विशेषज्ञ परेशान हैं। उनका कहना है कि पोर्टल पर रिटर्न दाखिल करने, ई-वेरिफिकेशन, बैंक खाता वैलिडेशन तथा एआईएस, टीआईएस और फॉर्म 26एएस डाउनलोड करने में बार-बार दिक्कतें आ रही हैं। आयकर एवं जीएसटी अधिवक्ता अशोक जांगड़ा, दिनेश गोस्वामी, अजय कुमार जांगड़ा, दीपक कुमार, रमेश शर्मा, अमित ठकराल तथा सीए निखिल तंवर ने बताया कि कई बार आधार ओटीपी मोबाइल पर आने के बावजूद पोर्टल उसे अमान्य (इनवैलिड) बता देता है।

# आईएचएम रोहतक में बनेगा हरियाणा का पहला इन्क्यूबेशन सेंटर

- आतिथ्य क्षेत्र के स्टार्टअप को मिलेगी नई उड़ान
- पंजीकरण प्रमाण पत्र मिला, युवाओं को मिलेगा मेंटरशिप
- निवेशकों तक पहुंच और उद्योग जगत से जुड़ने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रोहतक प्रदेश के आतिथ्य, पर्यटन और खाद्य सेवा क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां हरियाणा का पहला आईएचएम इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। सेंटर को पंजीकरण प्रमाण पत्र मिल चुका है, जिसके साथ इसकी स्थापना की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। इस पहल से विद्यार्थियों, युवा उद्यमियों और नवाचारकर्ताओं को अपने व्यावसायिक विचारों को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने के लिए संस्थागत सहयोग मिलेगा।आईएचएम के प्राचार्य शंभूनाथ गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में यह महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि आईएचएम रोहतक के चेयरमैन एवं हरियाणा सरकार के पर्यटन एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त अमित अग्रवाल के नेतृत्व में यह सेंटर राज्य में आतिथ्य एवं पर्यटन आधारित उद्यमिता को नई दिशा देगा।

## स्टार्टअप को एक ही छत के नीचे मिलेगी हर सुविधा



प्रिंसिपल शंभूनाथ गौतम।

प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान समय में होटल, पर्यटन, फूड प्रोसेसिंग, कैटरिंग, कैफे, ट्रैवल मैनेजमेंट और डिजिटल हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में इन्क्यूबेशन सेंटर युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं देगा, बल्कि उनके व्यावसायिक विचारों को व्यवहारिक रूप देने में भी मदद करेगा। इससे रोजगार तलाशने वाले युवाओं को रोजगार देने वाला उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। शंभूनाथ गौतम ने बताया कि इन्क्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को अनुभवी विशेषज्ञों की मेंटरशिप, प्रशिक्षण, तकनीकी एवं व्यावसायिक परामर्श, उद्योग जगत से जुड़ाव, निवेशकों तक पहुंच और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा व्यवसाय योजना तैयार करने, विपणन रणनीति विकसित करने, कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी तथा वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### क्या है इनक्यूबेशन सेंटर

इनक्यूबेशन सेंटर ऐसे सहायता केंद्र होता है जिसमें किसी भी नए बिजनेस के शुरुआती जोखिम को कम करके उसके सफल होने की संभावनाओं को बढ़ाते हैं।

### नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

शंभूनाथ गौतम ने कहा कि यह पहल हरियाणा सरकार की स्टार्टअप, कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आईएचएम रोहतक का यह इन्क्यूबेशन सेंटर भविष्य में प्रदेश के आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा तथा हरियाणा को इस क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नए व्यावसायिक मॉडल विकसित होंगे

प्रिंसिपल ने कहा कि सेंटर के माध्यम से आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में नए व्यावसायिक मॉडल विकसित होंगे और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे राज्य में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्राचार्य ने बताया कि पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलने के बाद सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया को गति मिल गई है। आगामी समय में यहां उद्यमिता विकास कार्यक्रम, स्टार्टअप बूट कैंप, नवाचार कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के संयुक्त कार्यक्रम तथा निवेशकों के साथ संवाद आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों से विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान जरूरतों और बाजार की मांग के अनुरूप अपने विचारों को विकसित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह सेंटर केवल आईएचएम के विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में नया उद्यम शुरू करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए भी उपयोगी मंच बनेगा। इससे होटल एवं पर्यटन उद्योग को प्रशिक्षित उद्यमी मिलेंगे और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**पटौदी ट्रॉफी 2026-27**

# फरीदाबाद ने रोहतक को 53 रनों से हराया



धीरू सिंह

- फाइनल में प्रवेश किया
- जीत के हीरो आदर्श और धीरू सिंह रहे



आदर्श शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड-बी) में खेले गए पटौदी ट्रॉफी 2026-27 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में फरीदाबाद की टीम ने रोहतक को 53 रनों से शिकस्त दे दी है। इस जीत के साथ ही फरीदाबाद ने अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फरीदाबाद की जीत के हीरो आदर्श शर्मा और धीरू सिंह रहे, जिन्होंने शानदार शतकीय पारियां खेलीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फरीदाबाद की शुरुआत बेहद मजबूत रही। टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 293 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आदर्श शर्मा ने 114 गेंदों में ताबड़तोड़ 128 रन बनाए। धीरू सिंह ने सूझबूझ से बल्लेबाजी करते हुए 133 गेंदों में 107 रन की शानदार पारी खेली। रोहतक की ओर से विवेक कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 8 ओवर में 62 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं अजीत चहल को 2 और पीयूष दहिया को 1 विकेट मिला। जीत के लिए 294 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक की टीम 44.1 ओवरों में 240 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। रोहतक के लिए पीयूष दहिया ने सबसे ज्यादा 64 रन (43 गेंद) बनाए। आशीष सिवाच ने भी 34 गेंदों में 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ऋषभ कोहली ने 40 और तन्मय बलोदा ने 25 रनों का योगदान दिया, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। फरीदाबाद के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में कमाल करने वाले आदर्श शर्मा ने गेंदबाजी में भी जौहर दिखाते हुए 24 रन देकर 2 विकेट लिए। उनके अलावा संदीप डागर, हरीश भड़ाना और यतिन जाखड़ ने भी 2-2 विकेट अपने नाम किए।

**सरकार ने किया खेल प्रशिक्षकों का मानदेय दोगुना**

# एनआईएस कोच को 50 व अन्य को 40 हजार प्रतिमाह मिलेंगे

## रोहतक में 92 खेल नर्सरियां: खिलाड़ियों को भी मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण

### इस योजना से प्रदेशभर में खेल प्रतिभाएं तैयार होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार ने खेल नर्सरियों में सेवाएं दे रहे प्रशिक्षकों के मानदेय में बड़ी बढ़ोतरी करते हुए उसे दोगुना कर दिया है। अब राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) से प्रशिक्षित कोच को 25 हजार रुपये के स्थान पर 50 हजार रुपये प्रतिमाह, जबकि अन्य निर्धारित योग्यता वाले प्रशिक्षकों को 20 हजार रुपये की बजाय 40 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। सरकार के इस फैसले से न केवल प्रशिक्षकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि खिलाड़ियों को भी अधिक गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद है। जिला स्तरीय आंकड़ों के अनुसार रोहतक में खेल विभाग के कोचों द्वारा संचालित 36 तथा सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों और निजी केंद्रों में 32 खेल नर्सरियां संचालित हैं। यानी जिले में कुल 68 खेल नर्सरियां खिलाड़ियों को प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही हैं। सामान्य तौर पर प्रत्येक नर्सरी में एक प्रशिक्षक नियुक्त होता है। कुछ समय पहले जिले में खेल गतिविधियों के विस्तार के साथ नर्सरियों की संख्या बढ़ी है। पिछले महीने जिला खेल अधिकारी ने 92 खेल नर्सरियों का निरीक्षण किया था। जांच में पांच नर्सरियों में अनियमितताएं मिलने पर उन्हें बंद कर दिया गया, जबकि अन्य को कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए।



### लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार लंबे समय से प्रशिक्षक मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। कम मानदेय के कारण कई अनुभवी कोच निजी अकादमियों का रुख कर रहे थे। अब बेहतर मानदेय मिलने से अनुभवी प्रशिक्षकों के खेल नर्सरियों से जुड़े रहने की संभावना बढ़ेगी। इससे प्रशिक्षण में निरंतरता आएगी और खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा। जिला हरियाणा के प्रमुख खेल केंद्रों में शामिल है।

### प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी का लाभ मिलेगा

खेल विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशिक्षकों का मानदेय बढ़ने से योग्य कोच इस क्षेत्र में लंबे समय तक जुड़े रहेंगे। इससे खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, आधुनिक तकनीकों की जानकारी और प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी का लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों की खेल नर्सरियों में भी अनुभवी प्रशिक्षकों की उपलब्धता बढ़ने की संभावना है। हरियाणा सरकार खेल नर्सरी योजना के माध्यम से प्रदेशभर में खेल प्रतिभाओं को तैयार कर रही है। राज्य में खेल नर्सरियों का लगातार विस्तार किया जा रहा है और इनमें प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों को आयु वर्ग के अनुसार पोषण भत्ता भी दिया जाता है। सरकार का उद्देश्य गांव स्तर से प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

## अंबाला जिला ताईक्वांडो चैंपियनशिप में महक और हर्षिका ने जीते स्वर्ण पदक

- सुनारिया कलां की बेटियां छाईं



**रोहतक।** 29वीं अंबाला जिला ताईक्वांडो चैंपियनशिप में रोहतक के गांव सुनारिया कलां की दो सगी बहनों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दोहरे स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। सब-जूनियर वर्ग में खेलते हुए महक और हर्षिका ने शानदार प्रदर्शन कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने अलग-अलग भार वर्ग में हिस्सा लिया और अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीते। महक ने 32 किलोग्राम भार वर्ग (सब-जूनियर) में स्वर्ण पदक जीता। हर्षिका ने 26 किलोग्राम भार वर्ग (सब-जूनियर) में स्वर्ण पदक हासिल किया। बड़ी बहन महक पहले भी राज्य स्तर पर अपनी चमक बिखेर चुकी हैं। उन्होंने साल 2025 में आयोजित हुई हरियाणा स्टेट लेवल तायक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इन दोनों होनहार खिलाड़ियों के पिता ओमबीर भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में अंबाला कैंट मुख्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पिता की देश सेवा और अनुशासन की सीख को आगे बढ़ाते हुए दोनों बेटियों ने खेल के मैदान पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों बहनों की इस दोहरी सफलता पर अंबाला कैंट और उनके पैतृक गांव सुनारिया कलां (रोहतक) में खुशी का माहौल है। महक के पिता ओमवीर ने बताया कि उन्होंने 2025 में खेलना शुरू किया था। वे चाहते थे कि महक बॉक्सिंग में अपना करियर बनाए। लेकिन एकेडमी में बॉक्सिंग सीखने वाली कोई दूसरी लड़की न होने के कारण उन्होंने उसे ताइक्वांडो एकेडमी में भेजा। वहां ताइक्वांडो कोच ने महक की प्रतिभा को देखते हुए उसे इसी खेल में आगे बढ़ने की सलाह दी। कोच को पूरा भरोसा था कि महक ताइक्वांडो में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी और उनका यह विश्वास बिल्कुल सही साबित हुआ। महक ने खेल की शुरुआत से ही बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन किया।

**एचएम पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता**

## ज्योति, गरिमा, विहान, रोशन एवं पार्थ ने अपने प्रभावशाली विचारों से टीम को विजय दिलाई



**रोहतक।** एचएम पब्लिक स्कूल में 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'ग्रामीण जीवन बनाम शहरी जीवन' था। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, तार्किक सोच तथा प्रभावशाली वक्तृत्व कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने पक्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता कूंडू ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे आत्मविश्वास के साथ विचार व्यक्त करने तथा अपने प्रतिद्वंद्वियों के विचारों का सम्मान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति बल्हारा ने अत्यंत प्रभावशाली, सहज एवं रोचक शैली में किया, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

### टीम-ए और टीम बी में मुकाबला

वाद-विवाद स्पर्धा में टीम-ए और टीम-बी के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने ग्रामीण एवं शहरी जीवन की विशेषताओं, चुनौतियों तथा उनके सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर सशक्त, तथ्यपूर्ण एवं तार्किक तर्क प्रस्तुत किए। रोचक मुकाबले के बाद मुख्य निर्णायक विनोद ने सभी प्रतिभागियों के तर्क, प्रस्तुति, भाषा-शैली तथा विषय की समझ का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए टीम-बी को विजेता घोषित किया। विजेता टीम का नेतृत्व प्रतिभाशाली छात्रा निधि ने किया। उनके साथ ज्योति, गरिमा, विहान, रोशन एवं पार्थ ने अपने प्रभावशाली विचारों और उत्कृष्ट प्रस्तुति से टीम को विजय दिलाई। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल सोनिया रानी ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई देते हुए प्रतिभागियों की मुक्त कंठ से सराहना की।


## एमडीयू कर्मियों ने लिया पर्यावरण और नशामुक्त समाज का संकल्प

- महंत राजेंद्र नाथ की अगुवाई में प्रदेशव्यापी अभियान शुरू होगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मी भविष्य में हरियाली पौधरोपण अभियान तथा नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। जटैला धाम के महंत राजेंद्र नाथ के एमडीयू आगमन पर उनकी अगुवाई में विवि कर्मियों ने यह संकल्पबद्धता दोहराई। इस मौके पर कर्मियों को संबोधित करते हुए महंत राजेंद्र नाथ ने कहा कि समाज को नई दिशा देने के लिए शीघ्र ही प्रदेश व्यापी पौधारोपण कार्यक्रम तथा नशा मुक्ति कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका अहम होगी। एमडीयू परिवार ने भी इस सामाजिक सुधार के कार्य में बढ़-चढ़कर आहुति डालने का भरोसा दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और प्राध्यापक उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से शारीरिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कुलताज सिंह, मडूटा के पूर्व प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश कौशिक, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत, प्रो. समन्द्र कौशिक तथा यूसीसी मनोज हुड्डा आदि मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।



रोहतक। महंत राजेंद्र नाथ का स्वागत करते हुए।



## एमडीयू: एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में 1123 शामिल हुए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज पीजी पाठ्यक्रमों- एमए (पॉलिटिकल साइंस), एलएलबी (ऑनर्स) तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, एमए (हिस्ट्री) और एलएलएम की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं। रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने विश्वविद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रवेश परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी ने बताया कि आयोजित एमए पॉलिटिकल साइंस की प्रवेश परीक्षा में 252 अभ्यर्थी शामिल हुए, एमए हिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा में 164 अभ्यर्थी शामिल हुए, एलएलबी ऑनर्स तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में 1123 अभ्यर्थी शामिल हुए। एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में 536 अभ्यर्थी शामिल हुए। 16 जुलाई को एमए (भूगोल), बीपीएड, एमपीएड, एमए (संस्कृत), एमए (डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज), एमए (इकोनॉमिक्स), एम. लिब, एमए (एजुकेशन), एमए (फाइन आर्ट्स), संगीत विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रम, एमए (योग विज्ञान), एमएड, एमएससी. (स्टैटिस्टिक्स) तथा एमए (हिंदू स्टडीज) की परीक्षाएं होंगी। 17 जुलाई को एमए (हिंदी), एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी (डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) तथा फार्मास्युटिकल साइंसेज समूह के एम. फार्मा पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**बिग फाइट** | मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में 19 को होगा मुकाबला

# संग्राम सिंह की पाक फाइटर से भिड़ंत को लेकर मलेशियाई आयोजक भी तनाव में, 42 हजार तक पहुंचा टिकट का दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जब भी खेल के मैदान पर भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होता है, तो रोमांच और तनाव सिर्फ खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आयोजकों के भी पसीने छूट जाते हैं। ऐसा नजारा मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में देखने को मिल रहा है। पहलवान से मिक्स मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर बने संग्राम सिंह और पाक के मोहम्मद आबिद अली के बीच 19 जुलाई को होने वाली 'एशिया चैम्पियन एमएमए टाइटिल फाइट' को लेकर मलेशियाई आयोजक 'स्ट्राइक-एमएमए' की इन दिनों नींदें उड़ी हुई हैं। स्ट्राइक-एमएमए के अध्यक्ष इस्माइल मारजुकी बिन और सीईओ मोहम्मद हाकिम बिन लुकमान अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि वे मुकाबले को लेकर दबाव दोनों फाइटरों पर है, उससे अधिक तनाव वे खुद महसूस कर रहे हैं।

### वजन घटाया, दिल्ली के लोदी गार्डन में पसीना बहा रहे



इस खिताबी भिड़ंत के लिए दो बार के कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने अपनी फिटनेस पर विशेष काम किया है। उन्होंने अपना वजन 87 किलोग्राम से घटाकर 83 किलोग्राम कर लिया है। अपनी ट्रेनिंग में बड़ा बदलाव करते हुए संग्राम ने बताया कि पिछली फाइट की तैयारी उन्होंने मुंबई और अहमदाबाद में की थी, लेकिन इस बार वह अपनी ट्रेनिंग का बड़ा हिस्सा दिल्ली में पूरा कर रहे हैं। दिल्ली के लोदी गार्डन में वह रोजाना करीब 3 घंटे स्थानीय पहलवानों और मुक्केबाजों के साथ कड़ा अभ्यास कर रहे हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि यह मुकाबला जीतते ही वह 'एशियन एमएमए टाइटल' जीतने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे।

### संग्राम सिंह ने स्वीकारा: 'दबाव तो है, बीच में हो गया था बीमार'

केंद्रीय खेल मंत्रालय के फिटनेस आइकन संग्राम सिंह ने बड़ी बेबाकी और ईमानदारी के साथ स्वीकार किया कि मुकाबला बेहद दबाव वाला है। बेशक मेरे पास पाकिस्तानियों को हराने का अच्छा-खासा अनुभव है, लेकिन सच कहूं तो तनाव मुझे भी है। इसी तनाव या फिर खान-पान में हुई थोड़ी सी लापरवाही के कारण मैं बीच में बीमार भी पड़ गया था।

**एमएमए प्रेमियों के बीच क्रेज:** संग्राम सिंह ने बताया कि महामुकाबले को लेकर मलेशिया में रह रहे एमएमए प्रेमियों के बीच क्रेज देखा जा रहा है। टिकटों की कीमत न्यूनतम 50 रिंगित (करीब 1,200 रुपये) से लेकर अधिकतम 1500 रिंगित (करीब 42,000 रुपये) तक रखी गई है। टिकटों की धुआंधार बिक्री से इस्माइल व मोहम्मद हाकिम बेहद उत्साहित हैं। आंकड़ों की बात करें तो कुआलालंपुर में लगभग 1.60 लाख भारतीय रहते हैं, जबकि पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या 20 हजार से भी कम है।



रोहतक। प्रॉस्पेक्टस का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान। फोटो: हरिभूमि

## पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज में छात्रावास प्रॉस्पेक्टस का विमोचन, प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र एवं छात्रा छात्रावासों के प्रॉस्पेक्टस का विमोचन व वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस प्रॉस्पेक्टस का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान के कर-कमलों द्वारा किया गया, जिसके साथ ही छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान ने कहा कि छात्रावास विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, अनुशासित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमानुसार समय पर आवेदन करने की अपील की। छात्रावास वार्डनों ने बताया कि द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू हो रही है, जबकि प्रथम वर्ष के नव-प्रवेशित विद्यार्थी 20 जुलाई से आवेदन पत्र जमा करवा सकेंगे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



रोहतक। पात्र मतदाताओं के फार्म भरवाते बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

### एसआईआर: मतदाता 24 तक जमा कराएं गणना प्रपत्र

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने पात्र मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत एन्यूमरेशन (गणना) प्रपत्र 24 जुलाई तक जमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में चल रहे गणना चरण की अवधि बढ़ा दी है, जिससे मतदाताओं को अतिरिक्त समय मिला है। उपायुक्त ने कहा कि जिन नागरिकों ने अभी तक फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे इसे अंतिम अवसर मानते हुए जल्द अपने बीएलओ को प्रपत्र सौंपें। मतदाता ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी फॉर्म जमा कर सकते हैं।

### पीजीआई से मरीज गायब, मामला दर्ज

**रोहतक।** पीजीआई थाना पुलिस ने सोनिया निवासी वाधवा राम कॉलोनी पानीपत की शिकायत पर उसके 47 वर्षीय पति कमल के गायब होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है जो वार्ड नंबर 17 में दाखिल था और 13 जुलाई को बिना बताए कहीं चला गया।

### ट्रक से भिड़ा दूसरा ट्रक, चालक घायल

**सांपला।** क्षेत्र में दिल्ली-रोहतक हाईवे पर नया बांस बाइपास पुल के पास खड़े ट्रक से पीछे आ रहा दूसरा ट्रक टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक शाहरुख खान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे अलवर ले गए। ट्रक मालिक राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ निवासी महेशचंद की शिकायत पर सांपला थाना पुलिस ने चालक मोहसिन निवासी कुलहेड़ी, जिला मुजफ्फरनगर (यूपी) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में आरोप है कि ट्रक बिना चेतावनी संकेत और पार्किंग लाइट के खड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से लापता दो नाबालिग बच्चे बरामद

**सांपला।** पुलिस ने घर से लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, वार्ड नंबर-16 निवासी जयवीर का 13 वर्षीय बेटा अरुण 12 जुलाई को बिना बताए घर से चला गया था। तलाश के दौरान पता चला कि पड़ोस में रहने वाली प्रमिला का 15 वर्षीय बेटा दीपांशु भी लापता है। पुलिस ने दोनों बच्चों को खोजकर बरामद किया और बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सतीश कौशिकने बच्चों की काउंसलिंग कराई।

## गोहाना अड्डे पर दुकानदारों और रेहड़ियों का कब्जा अतिक्रमण से रास्ता छोटा, पैदल निकलना भी मुश्किल

**शाम होते ही हालात और बिगड़ जाते हैं, यातायात व्यवस्था हो रही प्रभावित**

**लोगों को निगम की कार्रवाई का इंतजार**

अलग खबर

**रोहतक।** गोहाना अड्डा क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। दिन ढलते ही यहां हालात ऐसे हो जाते हैं कि सड़क पर चलना भी चुनौती बन जाता है। दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक फैलाने और रेहड़ी संचालकों के जगह-जगह खड़े होने के कारण रास्ता इतना संकरा हो जाता है कि एक वाहन को निकलने में भी काफी समय लग जाता है। पैदल चलने वाले लोगों को मजबूरी में वाहनों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। शाम के समय गोहाना अड्डा पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है।

**कोढ़ बना जाम**



#### एक वाहन निकलने में भी लग रहा समय

बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों, यात्रियों और स्थानीय निवासियों को रोजाना जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे लगी रेहड़ियां और दुकानों के बाहर रखा सामान राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। कई बार स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि थोड़ी दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है।



#### अतिक्रमण करने वालों के बढ़ते जा रहे हौसले

स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए जिम्मेदार विभाग की ओर से लंबे समय से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। नगर निगम के कर्मचारी यहां निरीक्षण करने तक नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण अतिक्रमण करने वालों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा।

#### नगर निगम नियमित रूप से अभियान चलाए

गोहाना अड्डा शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सड़क और फुटपाथ पर कब्जे के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द कार्रवाई कर सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करवाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। लोगों ने मांग की है कि नगर निगम नियमित रूप से अभियान चलाए और दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करे। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

## पाइप लाइन टूटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद, खाली प्लॉटों में घुसा

### सेक्टर-5, 6 व सेक्टर-4 एक्सटेंशन की जलापूर्ति प्रभावित

- जलभराव से मच्छरों का खतरा, लोगों ने एचएसवीपी से जल्द मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-5 स्थित आईटीआई के बैक साइड में बूस्टर नंबर-5 से निकलने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन टूट जाने से हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल व्यर्थ बह गया। देर शाम तक पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव जारी रहा, जिससे आसपास के क्षेत्र में पानी फैल गया और कई खाली प्लॉट जलभराव की चपेट में आ गए। इस घटना से न केवल पेयजल की भारी बर्बादी हुई, बल्कि सेक्टर-5, सेक्टर-6 और सेक्टर-4 एक्सटेंशन के निवासियों के सामने भी जलापूर्ति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है। सेक्टर-4 के प्रधान सुखबीर माथुर समेत अन्य लोगों का कहना है कि पाइपलाइन टूटने के बाद काफी देर तक पानी तेज गति से बहता रहा। रिसाव इतना अधिक था कि आसपास की खाली जमीन और प्लॉटों में पानी भर गया। क्षेत्र से गुजरने वाले राहगीरों ने भी यह नजारा देखा और इसकी सूचना तुरंत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के संबंधित अधिकारियों को दी।

हरिभूमि सरोकार

**व्यर्थ बहता पानी**



#### समय पर मरम्मत होती तो नहीं बहता पानी

खबर लिखे जाने तक पाइपलाइन की मरम्मत शुरू नहीं हुई थी और पानी लगातार बह रहा था। क्षेत्रवासियों ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के बावजूद तकनीकी खराबी से हजारों लीटर पेयजल बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि समय पर मरम्मत होती तो पानी की बर्बादी रोकी जा सकती थी।

#### यहां सप्लाई बाधित

स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई कि पाइपलाइन की मरम्मत के लिए जलापूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ेगी। ऐसे में सेक्टर-5, सेक्टर-6 और सेक्टर-4 एक्सटेंशन के हजारों परिवारों को एक दिन तक पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जलापूर्ति सामान्य हो सके और नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

#### आवागमन प्रभावित

क्षेत्रवासियों ने बताया कि पानी सड़क और आसपास के क्षेत्रों में फैलने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। खाली प्लॉटों में जलभराव से मच्छरों और गंदगी का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने एचएसवीपी से पाइपलाइन की जल्द मरम्मत और नियमित रखरखाव की मांग की।

#### जांच करवाई जाएगी

इसके लिए टीम को सूचित कर दिया गया था। मौके पर टीम भी पहुंची और जल्द से जल्द लीकेज को रोक दिया गया। ताकि पानी ज्यादा बर्बाद न हो। इसकी जांच भी करवाई जाएगी की यह लीकेज हुई कैसे।
-जगमाल, कार्यकारी अभियंता हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

**'स्वच्छता से स्वागत' अभियान तेज, मेयर ने संभाली कमान**

## शहर के अलग-अलग कूड़ा प्वाइंटों से हटाया गया कचरा, लगाए पौधे

- गोहाना अड्डा, पुरानी आईटीआई समेत कई वार्डों में चला सफाई अभियान
- जनप्रतिनिधियों, निगम कर्मियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य ने निभाई भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की ओर से शहर को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा बिंदु मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान लगातार तेज हो रहा है। बुधवार को मेयर रामअवतार वाल्मीकि के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने स्वयं सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कई स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने घर, दुकान और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने की अपील की। नगर ने कूड़ा बिंदुओं को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत सफाई, निगरानी और जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



रोहतक। सफाई करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि ,भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका व अन्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### पूर्व मंत्री की अगुवाई में सफाई अभियान

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की मौजूदगी में गोहाना अड्डा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। आंबेडकर पार्क में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सेवा का उपयोग करने और अधिक पौधे लगाने की अपील की गई।

#### कचरा उठाया

पुरानी आईटीआई क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठाया गया। अभियान में वार्ड पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगर निगम की टीम शामिल रही। शहर के अन्य वार्डों में भी कूड़ा बिंदुओं को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

#### यह रहे मौजूद

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, सुमिता भाटिया, अशोक नागर, निगम वार्ड सदस्य रिंकू, सुरेश किराड़, कपिल नागपाल, अंजु सैनी, सुशील नांदल, अनिता मिगलानी, बेबी रानी, प्रवीण कौशिक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पात्र कब्जाधारक अब 16 जनवरी 2027 तक कर सकेंगे आवेदन

**31 मार्च 2004 तक बने मकान मालिकों को मिली बड़ी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार ने ग्राम पंचायतों की शामलात भूमि पर 31 मार्च 2004 या उससे पहले बने आवासीय मकानों में रह रहे पात्र कब्जाधारकों को बड़ी राहत दी है। ऐसे लोगों को पंचायत भूमि खरीदने के लिए आवेदन करने की अवधि एक वर्ष बढ़ाकर अब 16 जनवरी 2027 तक कर दी गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल उन पात्र व्यक्तियों को मिलेगी, जिन्होंने 31 मार्च 2004 तक शामलात भूमि पर आवासीय मकान बना लिया था। इसके बाद किए गए कब्जे इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आएंगे। विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक ने इस संबंध में सभी उपायुक्तों, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों (डीडीपीओ), बीडीपीओ, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने हरियाणा ग्राम साझा भूमि (विनियमन) नियमों के नियम-150 में संशोधन के बाद आवेदन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लागू कर दिया है।

#### समाधान पोर्टल से होगी पूरी प्रक्रिया

सरकार ने आवेदन से लेकर अंतिम स्वीकृति तक की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने के लिए समाधान पोर्टल विकसित किया है। अब सभी नए आवेदन इसी पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकों को ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की बैठक, ग्राम सचिव द्वारा फाइल अग्रेषित करने, बीडीपीओ की संस्तुति तथा उपायुक्त स्तर पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

## समय पर मिले स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

**मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे और प्रत्येक कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। वह बुधवार को कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग (एनसीडी) नियंत्रण, टीबी उन्मूलन, डेंगू एवं मलेरिया रोकथाम, परिवार कल्याण, आयुष्मान भारत योजना और 112 एंबुलेंस सेवा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में गर्भवती महिलाओं का प्रारंभिक पंजीकरण 94 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि संस्थागत प्रसव शत-प्रतिशत रहा। नवजात शिशुओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने की दर 91 प्रतिशत दर्ज की गई है तथा नियमित टीकाकरण भी संतोषजनक स्तर पर चल रहा है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनकी लगातार निगरानी की जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में और कमी लाई जा सके।



**हरिभूमि आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**शिक्षक संघ अध्यक्ष बोले, अंडरटेकिंग के नाम पर रोकी जा रही वेतन वृद्धि, वित्तीय संकट गहरा रहा**

## एमडीयू शिक्षकों को पदोन्नति के दो साल बाद भी नहीं मिला नया वेतनमान

**वेतन निर्धारण और उससे संबंधित सभी मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है, कहा ऑडिट ब्रांच ने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शिक्षकों के वेतन और पदोन्नति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद गहरा गया है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप गहलोत ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में पदोन्नत हुए शिक्षकों को अब तक नए पद के अनुरूप वेतन नहीं मिल पाया है। उनका कहना है कि एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुए असिस्टेंट प्रोफेसरों को अब भी असिस्टेंट प्रोफेसर का ही वेतन दिया जा रहा है, जबकि प्रोफेसर बने शिक्षकों को भी एसोसिएट प्रोफेसर के वेतन पर ही काम करना पड़ रहा है। डॉ. गहलोत ने कहा कि वर्ष 2023 से पुराने प्रोफेसरों की वार्षिक वेतन वृद्धि भी लंबित है। कई शिक्षक अभी भी वर्ष 2021 के वेतनमान पर कार्य कर रहे हैं और उन्हें न तो वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिला है और न ही पदोन्नति के अनुरूप वेतनमान। इससे शिक्षकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का ऑडिट विभाग सातवें वेतन आयोग के तहत वर्ष 2016 में हुए वेतन निर्धारण पर आपत्ति जता रहा है। ऑडिट का कहना है कि शिक्षकों को अधिक भुगतान हुआ है और उसकी वसूली की जानी चाहिए। इसके चलते शिक्षकों का वेतन, वेतन वृद्धि और एरियर संबंधी फाइलें भी प्रभावित हो रही हैं।

#### शिक्षकों से अंडर टेकिंग पर हस्ताक्षर कराने का दबाव

शिक्षक संघ का आरोप है कि प्रशासन शिक्षकों से अंडर टेकिंग पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बना रहा है। संघ के अनुसार, अंडरटेकिंग न देने पर ऑडिट शाखा वेतन संबंधी फाइलें स्वीकार नहीं कर रही, जिससे वेतन वृद्धि और अन्य वित्तीय लाभ अटक रहे हैं।

#### कथित अतिरिक्त भुगतान वसूली पर नहीं मिला नोटिस



डॉ. गहलोत ने कहा कि किसी भी शिक्षक को अब तक कथित अतिरिक्त भुगतान की वसूली के संबंध में कोई औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया गया है। उनका दावा है कि शिक्षकों की ओर से किसी प्रकार की गलत जानकारी या जालसाजी नहीं की गई। पीएचडी और एमफिल से संबंधित अग्रिम गैर-चक्रवृद्धि वेतन वृद्धि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 10 जून 2013 के पत्र के अनुसार मूल वेतन में समाहित की गई थी, जिसका पालन देशभर के विश्वविद्यालयों ने किया था।

#### किसी भी कर्मचारी के साथ मनमानी नहीं

शिक्षकों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी के साथ मनमानी नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वेतन निर्धारण और उससे संबंधित सभी मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही निर्णय लिए जाएंगे। यदि किसी कर्मचारी को कोई आपत्ति है तो उसका नियमानुसार चैक किया जाएगा। कोई भी शिक्षक ये नहीं कह सकता है कि उसके साथ ऑडिट ब्रांच ने गलत किया है।
-सतवीर कोहली,संयुक्त निदेशक ऑडिट ब्रांच विश्वविद्यालय

#### वेतन वृद्धि रुकने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति हो रही प्रभावित

डॉ. गहलोत ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना शाखा ने वर्ष 2017 में इस संबंध में हरियाणा सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला है। इसके बावजूद शिक्षकों से कथित अतिरिक्त भुगतान की वसूली की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि यदि किसी प्रकार की वसूली का मामला बनता भी है तो वह हरियाणा सरकार द्वारा 23 फरवरी 2016 को जारी सरकारी कर्मचारियों को किए गए अधिक भुगतान की वसूली संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही की जाए। डॉ. गहलोत ने कहा कि लंबे समय से वेतन और वेतन वृद्धि अटकी रहने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और इसका असर शिक्षण व शोध कार्यों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब आठवें वेतन आयोग की चर्चा शुरू हो चुकी है, तब एमडीयू के अनेक शिक्षक अभी तक सातवें वेतन आयोग के अनुरूप भी पूरा लाभ नहीं पा सके हैं।



रोहतक। मीटिंग में विचार रखते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला रोहतक के प्रधान कर्मवीर सिवाच।

### भवन एवं सड़क मंत्री के आवास का 18 को घेराव करेंगे पीडब्ल्यूडी कर्मी

**कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और पुरानी पेंशन बहाली की मांग**

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक नहर भवन स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राकेश लाकड़ा ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष मनजीत पांचाल ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला रोहतक के प्रधान कर्मवीर सिवाच उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है तथा किए गए वादों से पीछे हट रही है। नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन योजना बहाल करना, एक्स-ग्रेशिया की शर्तें समाप्त करना, ठेका प्रथा बंद करना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर नियमित भर्ती करना, हटाए गए कर्मचारियों को बहाल करना तथा विभागों का निजीकरण रोकना शामिल हैं। इन मांगों को लेकर हजारों कर्मचारी 18 जुलाई 2026 को हिसार में भवन एवं सड़क मंत्री रणवीर सिंह गंगवा के आवास का घेराव करेंगे।

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धांजलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साइज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 से.मी<br>10×8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साइज पर मान्य। अन्य किसी साइज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20